# इथयोपियाई निवेश आयोग ने हरियाणा के साथ सहयोग के लिये किये हस्ताक्षर

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में हरियाणा के मुख्यमंत्री राज्य के विदेश सहयोग विभाग द्वारा '**हरियाणा-इथयोपिया निवेश आयोग' (ईआईसी)** की दो दिवसीय बैठक गुरुग्राम और चंडीगढ़ में आयोजित की गई। इस अवसर पर हरियाणा राज्य और इथयोपिया के बीच सहयोग की रूपरेखा पर हस्ताक्षर किये गए।

## प्रमुख बिंदु

- इस बैठक में हरियाणा राज्य और ईआईसी, इथयोपिया के बीच सहयोग की रूपरेखा पर हरियाणा के विदेश सहयोग विभाग के प्रधान सचिव योगेंद्र चौधरी व इथयोपिया की राजदूत डॉ. तिजीता मुलुगेटा ने हस्ताक्षर किये।
- पहले दिन 6 अप्रैल, 2022 को गुरुग्राम में 'इथयोपिया निवेश आयोग' के एचई डेनियल टेरेसा के नेतृत्व में सात सदस्यीय इथयोपियाई प्रतिनिधिमंडल ने कपड़ा और परिधान के क्षेत्र में हरियाणा के व्यापार प्रतिनिधियों के साथ सकारात्मक बातचीत की। इसके बाद 7 अप्रैल, 2022 को चंडीगढ़ में प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत में इथयोपिया की राजदूत डॉ. तिजीता मुलुगेटा भी शामिल हुईं। मुलुगेटा ने हरियाणा और इथयोपिया के बीच व्यापार, निवेश तथा सांस्कृतिक संबंध बनाने के लिये अथक प्रयास करने के लिये हरियाणा सरकार की सराहना की।
- इस **बैठक का प्राथमिक उद्देश्य हरियाणा और इथयोपिया लोकतांत्रिक गणराज्य के बीच व्यापार और निवेश संबंधों को मज़बूत करना** था।
- विदेश सहयोग विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि विभाग द्वारा अक्टूबर 2021 में विदेश मंत्रालय के परामर्श से 'हरियाणा-अफ्रीका कॉन्क्लेव, सीरीज़-1' आयोजित करने के लिये एक अग्रणी पहल की जा चुकी है।
- इस कॉन्क्लेव में इथयोपिया सहित अफ्रीकी महाद्वीप के बारह देशों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही।
- इस अवसर पर हरियाणा सरकार के गण्यमान्य व्यक्तियों, हरियाणा के फार्मास्युटिकल, कृषि-प्रसंस्करण और कपड़ा क्षेत्रों के व्यवसायी व निर्यातकों की भागीदारी रही।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ethiopian-investment-commission-signed-for-cooperation-with-haryana